# आँगन

## आँगनवाड़ी केन्द्र  निरीक्षण मोबाइल एप

http://mobapp.bih.nic.in/aangan/





# आँगन एप्लीकेशन – एक परिचय

- आँगन एप्लीकेशन एक मोबाइल आधारित सॉफ्टवेयर है जिसे बिहार के सभी आँगनवाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और मानकीकृत करने के लिए विकसित किया गया है।
- इसकी शुरुआत पटना जिले के आँगनवाडी केन्द्रों की निरीक्षण प्रक्रिया से की गयी थी।
- यह मोबाइल एप्लीकेशन जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिका द्वारा आँगनवाड़ी केन्द्रों की नियमित जॉच में सहायता करने के उदेश्य से विकसित किया गया है।
- यह एप्लीकेशन जॉच प्रतिवेदन बनाने एवं उसको तत्काल ही सर्वर पर अपलोड करने की सुविधा प्रदान करता है।
- यह एक वेब आधारित एप्लीकेशन है जो अपना डाटा उपलब्ध कराता है जिसके माध्यम से विभिन्न स्तर पर प्रतिवेदन देखे जा सकते हैं।


# आँगन एप्लीकेशन की विशेषताएं

- इस एप्लीकेशन के उपयोग से निरीक्षण प्रतिवेदन शीघ्र भेजा जा सकता है |
- आँगनवाड़ी केन्द्र का सही जीपीएस स्थान प्राप्त कर सकते हैं।
- आँगनवाड़ी केन्द्रों की जानकारी संग्रह कर फोटो सहित भेजने की सुविधा इसमें उपलब्ध है।
- यह एप्लीकेशन offline मोड में भी काम करने में सक्षम है।

# मोबाइल एप को चलाने के लिए न्यूनतम आवश्यकता

- Smartphone  with Android OS
- Android OS 4.4 (Lollypop)  or above
- Minimum 2 GB RAM
- Internet Availability for uploading

# एप्लीकेशन शुरू करना




ऑगन एप्लीकेशन आइकॉन पर टच करें। कुछ सेकंड में एप्लीकेशन स्क्रीन के बाद आपके मोबाइल पर लॉगिन स्क्रीन दिखेगा।



# लॉग इन करना






उपलब्ध कराये गए यूजर आईडी एवं पासवर्ड को यूजर का नाम और पासवर्ड बॉक्स में टाइप करें। फिर 'लॉग इन करें' बटन को टच करें। एप्लीकेशन द्वारा मोबाइल के IMEI नंबर के आधार पर सर्वर से यूजर आईडी एवं पासवर्ड का मिलान किया जाता है। यूजर आईडी एवं पासवर्ड सही पाए जाने पर एप्लीकेशन में लॉग इन हो जाता है और आपके मोबाइल पर एप्लीकेशन का होम स्क्रीन उपलब्ध हो जाता है।

# आँगनवाड़ी केन्द्र का चुनाव


**निरीक्षण प्रतिवेदन दर्ज करने के लिए आँगनवाड़ी केन्द्र का चयन किया जाना है। 'आँगनवाड़ी केन्द्र चुनें' मेनू को टच करें। टच करते ही निम्न स्क्रीन मोबाइल पर दिखेगा -**







# आँगनवाड़ी केन्द्र का चुनाव






# निरीक्षण प्रतिवेदन दर्ज करना




**'निरीक्षण प्रतिवेदन दर्ज करें' मेनू को टच करें। आपके द्वारा चयनित आँगनवाड़ी केन्द्र ऊपर में दिखेगा। निम्न जानकारी दर्ज किया जाना है -**

- **केन्द्र खुला है या नहीं**
- **केन्द्र पर उपस्थित बच्चों की संख्या**
- **Morning Snacks दिया जाता है कि नहीं**
- **मेनू के अनुसार भोजन बना है कि नहीं**
- **केन्द्र द्वारा दी जा रही सेवाओं का स्तर**
- **अभियुक्ति**

**सभी बॉक्स में डाटा प्रविष्ट कर नीचे दिए गए बटन "सुरक्षित करें और आगे बढ़े" को टच करें।**


# केन्द्र का तस्वीर लेना

आँगनवाड़ी केन्द्र का तस्वीर लेने के लिए निम्न स्क्रीन दिखेगा





आँगनवाड़ी केन्द्र का फोटो लेने के लिए फोटो संख्या-1 पर टच करें। मोबाइल का कैमरा चालू हो जायेगा। केन्द्र के बच्चों का स्पष्ट फोटो लें। फिर फोटो संख्या-2 पर टच करें और सेल्फी मोड में अपने साथ बच्चों का फोटो ले। फिर क्रमश: फोटो संख्या-3 और 4 पर टच करें और उपस्थिति रजिस्टर का फोटो लें। फिर फोटो संख्या-5 पर टच करें और निरीक्षण रजिस्टर का फोटो लें। फिर अंतिम में "सुरक्षित करें" पर टच करें। प्रतिवेदन मोबाइल में सुरक्षित हो जायेगा।

# निरीक्षण प्रतिवेदन जिला को भेजना




आपके द्वारा दर्ज प्रतिवेदन मोबाइल में सुरक्षित हो जाता है। मोबाइल में सुरक्षित प्रतिवेदन की संख्या "निरीक्षण प्रतिवेदन जिला में भेजें" मेनू के सामने दिखने लगता है। "निरीक्षण प्रतिवेदन जिला में भेजें" मेनू पर टच कर प्रतिवेदन को जिला में भेजा जा सकता है। प्रतिवेदन को भेजने के लिए मोबाइल डाटा या WiFi द्वारा Internet सुविधा का होना आवश्यक है।

# दर्ज प्रतिवेदन में सुधार करना




निरीक्षण प्रतिवेदन जिला में भेजने के पूर्व सुधार करने के लिए "निरीक्षण प्रतिवेदन में सुधार" मेनू पर टच करें। इस मेनू पर टच करने पर दर्ज निरीक्षण प्रतिवेदन (जो जिला में अभी तक नहीं भेजा गया है) की सूची दिखेगा।

